
पंजीकरण सं. आर.एन. 40596/83 डाक पंजी. संख्या-जी-3-डी.एल. (एन.)/084/2018-20 प्रकाशित: 01.02.2018 इस अंक का मल्य 2 रुपये

॥ ओ३म् ॥



# युवा उद्घोष

केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् (पंजीकृत) का पाक्षिक शंखनाद

Join—http://www.facebook.com/groups/aryayouth/

कार्यालय : आर्य समाज कबीर बस्ती, दिल्ली-110007, चलभाष : 9810117464, 9868051444

र्य युवक परिषद
ावधान में
**194वां महर्षि दयानन्द जन्मोत्सव**
रविवार, 11 फरवरी 2018,
प्रातः 11 बजे
स्थानः सांसद मीनाक्षी लेखी निवास,
14, महादेव रोड़,नई दिल्ली
आप सादर आमन्त्रित हैं—अनिल आर्य

वर्ष-34 अंक-17 फाल्गुन-2074 दयानन्दाब्द 194 01 फरवरी से 15 फरवरी 2018 (प्रथम अंक) कुल पृष्ठ 8 वार्षिक शुल्क 48 रु.
प्रकाशित: 01.02.2018, E-mail : yuva.udghosh1982@gmail.com aryayouthgroup@yahoogroups.com Website : www.aryayuvakparishad.com

## केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् नई दिल्ली के 39वें वार्षिकोत्सव के उपलक्ष्य में

### तीन दिवसीय अखिल भारतीय आर्य महासम्मेलन व 251 कुण्डीय विराट् यज्ञ सोल्लास सम्पन्न

दिल्ली के साथ ही हरियाणा, उत्तर प्रदेश, उत्तराखण्ड, हिमाचल, राजस्थान, जम्मू कश्मीर, झारखण्ड, बिहार, पश्चिमी बंगाल, चण्डीगढ़, पंजाब, मध्य प्रदेश, गुजरात, उड़ीसा, अमेरिका,बंग्लादेश, वैस्टइंडिज आदि से भी आर्य प्रतिनिधि पंहुचे

## वैदिक यज्ञों से ही होगा पर्यावरण की समस्या का हल- केन्द्रीय मंत्री डा. हर्षवर्धन


### पाखण्ड, अन्धविश्वास, शराबखोरी के विरूद्व आर्यजन अभियान चलायें— स्वामी आर्यवेश

### राष्ट्रवादी शक्तियां का विघटनकारी तत्वों के विरूद्व संगठित होना समय की आवश्यकता—डा.अनिल आर्य




रविवार, 28 जनवरी 2018, केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् द्वारा रामलीला मैदान, अशोक विहार, दिल्ली में आयोजित अखिल भारतीय आर्य महासम्मेलन में मुख्य अतिथि केन्द्रीय मंत्री डा.हर्षवर्धन का स्वागत करते परिषद् के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा.अनिल आर्य, सार्वदेशिक सभा के अन्तर्राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी आर्यवेश, बृजमोहन गर्ग आदि। द्वितीय चित्र—ऐमिटी शिक्षण संस्थान के निदेशक, समारोह अध्यक्ष श्री आनन्द चौहान का अभिनन्दन करते स्वामी आर्यवेश, डा. अनिल आर्य, ओम सपरा (मैट्रो पोलटेन मैजिस्ट्रेट)

## आर्य नेता दर्शन अग्निहोत्री, ठाकुर विक्रमसिंह व सुरेन्द्र कोहली ने फहराया ओ३म ध्वज

यज्ञप्रेमी, धर्मनिष्ठ श्री दर्शन अग्निहोत्री का अभिनन्दन करते डा.अनिल आर्य,स्वामी आर्यवेश जी,आचार्य अखिलेश्वर जी व प्रवीन आर्या। द्वितीय चित्र—दानवीर ठाकुर विकम सिंह जी का अभिनन्दन करते डा. अनिल आर्य, स्वामी आर्यवेश जी, स्वामी चन्द्रवेश जी व प्रवीन आर्या।



कड़ाके की ठण्ड व सर्द हवाओं के बावजूद आर्यो का उमड़ा जनसैलाब

## केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के 39वें वार्षिकोत्सव के उपलक्ष्य में

# तीन दिवसीय अखिल भारतीय आर्य महासम्मेलन का दिल्ली में भव्य आयोजन

### एक नया उत्साह और जोश के साथ आर्य समाज को जीवन्त आन्दोलन बनाने का लिया सकंल्प

केन्द्रीय आर्य युवक परिषद्, नई दिल्ली के तत्वावधान में दिनांक 26, 27, 28 जनवरी 2018 को रामलीला मैदान, अशोक विहार, फेज–4, दिल्ली के विशाल मैदान में तीन दिवसीय ''अखिल भारतीय आर्य महासम्मेलन'' का भव्य आयोजन किया गया। सम्मेलन में देश के विभिन्न प्रान्तों से लगभग 2500 आर्य प्रतिनिधि सम्मलित हुए। सम्मेलन के अन्तर्गत प्रातः 6.00 बजे से रात्री 10.00 बजे तक निरन्तर 11 सत्र चले जिसमें मुख्य रूप से ''राष्ट्रीय एकता तिरंगा यात्रा'', योग साधना शिविर, 251 कुण्डीय पर्यावरण शुद्धि यज्ञ, राष्ट्रीय आर्य महिला सम्मेलन, व्यायाम शक्ति प्रदर्शन, राष्ट्रीय युवा सम्मेलन, वेद–संस्कृत रक्षा सम्मेलन, राष्ट्रीय कवि सम्मेलन, राष्ट्र रक्षा सम्मेलन, संगीत संध्या, राष्ट्रीय आर्य महासम्मेलन, शिक्षा–संस्कृति रक्षा सम्मेलन आदि मुख्य रहे। ऋषि लंगर की सुन्दर व्यवस्था प्रातः से देर रात्री पर्यन्त चलती रही। प्रातः काल आचार्य अखिलेश्वर जी के सान्निध्य में यज्ञ सम्पन्न हुआ, यज्ञ मण्डप की सुन्दरता देखते ही बनती थी। परिषद् के राष्ट्रीय महामंत्री श्री महेन्द्र भाई जी ने कर्मठ कार्यकर्ताओं श्री खेत्रपाल जी, प्रभुनाथ सिंह, वेद प्रकाश आर्य, सौरभ गुप्ता, राकेश आर्य, रामकृष्ण शास्त्री, अमित सिंह, विवेक अग्निहोत्री, हरीश सिंह, विक्रान्त चौधरी, अरूण आर्य, प्रदीप आर्य, वरूण आर्य, वीरेश आर्य, सन्तोष शास्त्री आदि के साथ व्यवस्था सम्भाली।

सम्मेलन में कन्या भ्रूण हत्या के विरूद्ध जनजागरण, तम्बाकु, मांसाहार, नशा मुक्त समाज की संरचना, युवा पीढ़ी को संस्कारित करने हेतु शिविर, आंतकवाद के विरूद्व अभियान और समाज में बढ़ते पाखण्ड अन्धविश्वास, शराबखोरी के विरूद्वतीव्र गति से अभियान चलाने के निश्चय हुए। पूरे देश में गौ हत्या पर पूर्ण प्रतिबन्ध, आरक्षण जातिवाद आधारित समाप्त कर आर्थिक आधार पर करने के प्रस्ताव पारित किये गये। समारोह का संचालन परिषद् अध्यक्ष डा.अनिल आर्य ने किया।

समारोह के मुख्य अतिथि केन्द्रीय मंत्री डा. हर्षवर्धन ने कहा कि वैदिक यज्ञों से ही पर्यावरण की शुद्धि होगी। यज्ञ वैदिक परम्परा की विरासत है, आज आर्य समाज को आगे आ कर बढ़ते पाखण्ड अन्धविश्वास के विरूद्वजनजागरण करना चाहिये। उन्होंने कहा कि आर्य युवक परिषद् डा. अनिल आर्य के कुशल नेतृत्व में युवा निर्माण का सराहनीय कार्य कर रही है।

सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा के प्रधान स्वामी आर्यवेश ने कहा कि प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने चुनावों के समय गौ मांस पर प्रतिबन्ध का वादा किया था, लेकिन वह अभी पूरा नहीं करपाये उसे उन्हें अविलम्ब पूरा करना चाहिये। पूरे देश में गौ हत्या पूर्ण प्रतिबन्ध लगा कर गौ हत्यारों को कड़ी सजा का प्रावधान करना चाहिये। उन्होंने लव जिहाद की समस्या पर भी सबको सजग किया तथा युवा पीढ़ी को संस्कारित करने की आवश्यकता पर बल दिया। समारोह अध्यक्ष शिक्षाविद श्री आनन्द चौहान ने ऐमिटी संस्थान की ओर से बधाई देते हुए कहा कि आर्य युवक परिषद् का नयी पीढ़ी को वैदिक विचारधारा से जोड़ने का प्रयास सराहनीय है।

केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा.अनिल आर्य ने कहा कि आज लोगो को भगवा ओर तिरंगे से भी डर लगने लगा है, राष्ट्र को तोड़ने वाली शक्तियां सक्रिय हो रही हैं। यह स्थिति गम्भीर चिन्ताजनक है। ऐसे में आर्य युवक राष्ट्रीय एकता अखण्डता के लिये कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि जातिवाद आधारित आरक्षण देश की एकता में बाधक है, इसे समाप्त कर आर्थिक आधार पर लागु किया जाये। डा.आर्य ने कहा कि जम्मु कश्मीर में धारा 370 समाप्त कर उसे पूरे देश की मुख्य धारा से जोड़ने का कार्य शीघ्र होना चाहिये।

251 कुण्डीय पर्यावरण शुद्धि यज्ञ के ब्रह्मा आचार्य अखिलेश्वर जी ने कहा कि आज पूरा विश्व पर्यावरण के लिये चिन्तित है, केवल वैदिक यज्ञ से ही हम वायु मण्डल को शुद्ध कर सकते हैं केन्द्र व राज्य सरकारों को बड़े बड़े यज्ञ करवाने की और ध्यान देना चाहिये तभी हम इस समस्या का हल निकाल सकते हैं। गुरुकुल गौतम नगर नई दिल्ली के ब्रह्मचारियों ने तीनों दिन वेद पाठ किया।

वैदिक विद्वान आचार्य वीरेन्द्र विक्रम ने कहा कि भारतीय संस्कृति सबसे प्राचीन व श्रेष्ठ है, यह बात हमें नयी पीढ़ी को बतानी तथा समझानी भी है जिससे युवा पीढ़ी अपने इतिहास व पूर्वजों पर गर्व करना सीखे।

पूर्व महापौर महेश शर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय आन्दोलन में आर्य समाज की महत्वपूर्ण भूमिका रही है लेकिन इसके लिए आवश्यक है कि हम हिन्दी भाषा को अपने जीवन में अपनायें, हिन्दी हमारी राष्ट्रीय एकता की मूलाधार है।

इस अवसर पर वैदिक विद्वान डा. महेश विद्यालंकार, स्वामी विश्वानन्द जी (मथुरा), स्वामी सच्चिदानन्द जी (यमुना नगर), स्वामी चन्द्रवेश जी (गाजियाबाद), स्वामी श्रद्धानन्द जी (पलवल), ठाकुर विक्रम सिंह, दर्शन अग्निहोत्री, सुरेन्द्र कोहली, भुवनेश खोसला (अमेरिका), आचार्य सुभाष (बंग्लादेश), आचार्या मन्जु (कोलकोता), आचार्य कृष्णप्रसाद कोटिल्य (हजारीबाग), ओम सपरा, सुरेन्द्र गुप्ता, ओमप्रकाश यजुर्वेदी, चतरसिंह नागर, जितेन्द्र डावर, ब्र. दीक्षेन्द्र, योगेन्द्र शास्त्री, विद्यासागर शास्त्री (जीन्द), भानुप्रताप वेदालंकार (इन्दौर), अशोक तिवारी (लखनउ), पं. रमेशचन्दस्नेही (हरिद्वार), प्रवीनआर्य (गाजियाबाद), आचार्य नकुलदेव (उड़ीसा), वीरेन्द्र योगाचार्य (फरीदाबाद), ब्र. विश्वपाल जयन्त (उतराखण्ड, विजय आर्य (पंचकुला), अर्चनापुष्करना, सुभाष बब्बर (जम्मू), स्वामी धर्ममुनिजी (बहादुरगढ़), मित्रमहेश आर्य (अहमदाबाद), रामकृष्णशास्त्री (बहरोड़), चन्द्रशेखर शास्त्री, स्वतन्त्र कुकरेजा, आनन्दसिंह आर्य (करनाल), यशपाल यश (जयपुर), आचार्य गवेन्द्र शास्त्री, आचार्य प्रेमपाल शास्त्री, डा.सुन्दरलाल कथुरिया, यशोवीर आर्य, सन्तोष शास्त्री, देवेन्द्र भगत आदि वैदिक विद्वानों ने उद्‌बोधन दिए। तीनों दिन पं.घनश्याम प्रेमी के मधुर भजनों का कार्यक्रम रहा।

समारोह को सफल बनाने में सर्व श्री प्रवीन आर्य, रामकुमार सिंह, महेन्द्र भाई, प्रेम कुमार सचदेवा, सौरभ गुप्ता, अमीरचंद रखेजा, स्वामी प्रणवानन्द जी, चौ. ब्रह्मप्रकाश मान, मनोज मान, दशरथ भारद्वाज, दुर्गेश आर्य, देवमित्र आर्य, अन्जु जावा, नरेन्द्र कस्तुरिया, विनोद कालरा, राजीव आर्य, जितेन्द्र सिंह आर्य, अजय आर्य (करनाल), सौरभ आर्य (यमुना नगर), योगेन्द्र शास्त्री, मीना आर्या, भारतभूषण ग्रोवर, भूदेव आर्य, सतीश शास्त्री, प्रि. रमेश कुमारी भारद्वाज, अमित मान, देवेन्द्र भगत, सुदेश भगत, शिवम मिश्रा, साहिल आर्य, शिवकांत, यश आर्य, विमल आर्य, तिलक राज, आर. डब्ल्यु. ए. वजीरपुर क्षेत्र, रविदेव गुप्ता, राजीव कुमार परम, आर.एस.त्यागी, के. के. यादव, टी. आर. गुप्ता (जम्मू), वीरेश भाटी, डा. गजराज सिंह आर्य, देवदत आर्य, विश्वनाथ आर्य, माधव सिंह, अनुज आर्य, राजेन्द्र लाम्बा आदि अनेकों आर्यो के अथक पुरूषार्थ से कार्यक्रम अपनी बुलन्दियों तक पंहुचा जिसे लम्बे समय तक अशोक विहार की जनता याद रखेगी। केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् अपने सभी संन्यासियों, विद्वानो, दानदाताओ व कर्मठ, समर्पित सभी कार्यकर्ताओं का हार्दिक आभार व्यक्त करता है। डॉ. राजेश बत्रा के कुशल निर्देशन में प्रतिदिन योग साधना शिविर भी चला। राष्ट्रीय कवि सम्मेलन में धर्मेश अविचल, स्वदेश आर्य, कृष्ण गोपाल विद्यार्थी, रोहित आर्य, संदीप शजर ने कविता पाठ किया व श्री सत्यप्रकाश भारद्वाज ने कुशल मंच संचालन किया।

## 28वां अमेरिका आर्य महासम्मेलन

**आर्य प्रतिनिधि सभा अमेरिका द्वारा ''अन्टलाटा'' में दिनांक 19 जुलाई से 22 जुलाई 2018 तक भव्य आर्य महासम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है, दिल्ली से जाने वाले आर्य बन्धुओं के लिये 18 जुलाई से 1 अगस्त तक यात्रा का कार्यक्रम बनाया गया है, जिसका यात्रा व्यय 2,26,000 रू रहेगा तथा 6 दिन की यात्रा का व्यय 1,68,000 रू रहेगा। जिसमें भोजन, यात्रा व वीजा व्यय सम्मिलित है। सीट आरक्षण के लिये शीघ्र श्री देवेन्द्र भगत–9958889970 पर सम्पर्क करें।**

# वैदिक विद्वान् आचार्य अखिलेश्वर जी के कुशल ब्रह्मत्व में सम्पन्न हुआ विराट् यज्ञ



दिनांक 26, 27, 28 जनवरी 2018 को रामलीला मैदान,अशोक विहार,दिल्ली में 251 कुण्डीय यज्ञ सोल्लास सम्पन्न हुआ। यज्ञ वेदी व यज्ञ मण्डप का सुन्दर द्रश्य। सर्वश्री दर्शन अग्निहोत्री, सुरेन्द्र मानकटाला, यशपाल चावला, डा.राजीव चावला, डा.रमाकांत गुप्ता, सुरेश आर्य, धर्मदेव खुराना, नरेन्द्र कालरा, अभिषेक गुप्ता, तिलक चांदना, महेन्द्र मनचंदा मुख्य यज्ञमान रहे।




स्वामी आर्यवेश, डा. अनिल आर्य, स्वामी श्रद्धानन्द, स्वामी विश्वानन्द, आचार्य प्रेमपाल शास्त्री के कुशल नेतृत्व में अशोक विहार में हजारों आर्यों की निकली विशाल "राष्ट्रीय एकता तिरंगा यात्रा", आम जनता ने किया 13 स्थानों पर भरपूर स्वागत




आर्य महासम्मेलन का सुन्दर मंचः बांये से कमशः आचार्य गवेन्द्र शास्त्री, आचार्य चन्द्रशेखर शास्त्री, आचार्य प्रेमपाल शास्त्री, ओमप्रकाश आर्य (हापुड़), डा. अनिल आर्य, स्वामी आर्यवेश जी, आचार्य अखिलेश्वर जी, स्वामी सच्चिदानंद जी (यमुना नगर), स्वामी विश्वानन्द जी (मथुरा), आचार्या मन्जु (कोलकोता) व डा.गजराजसिंह आर्य (फरीदाबाद)

# अमेरिका सभा के मंत्री भुवनेश खोसला व स्वामी आर्यवेश का भव्य अभिनन्दन




आर्य प्रतिनिधि सभा अमेरिका के महामंत्री श्री भुवनेश खोसला का अभिनन्दन करते डा.अनिल आर्य, आनन्द कुमार (आई.पी.एस.रिटा.), प्रेस सचिव देवेन्द्र भगत, स्वामी श्रद्धानन्द व ओम सपरा। द्वितीय चित्र–सार्वदेशिक सभा के प्रधान स्वामी आर्यवेश का अभिनन्दन करते पश्चिमी दिल्ली वेद प्रचार मण्डल के प्रधान श्री रवि चड्डा, उत्तर पश्चिमी मण्डल के प्रधान श्री सुरेन्द्र गुप्ता, डा. अनिल आर्य, सुरेश आर्य व अनिल आर्य (करनाल)



मुख्य यज्ञमानोंः आशा–नरेन्द्र कालरा,डा.रचना–राजीव चावला,सुनीता–धर्मदेव खुराना का अभिनन्दन करते महेन्द्र भाई जी।

# अखिल भारतीय आर्य महासम्मेलन की सचित्र झलकियां

आर्य वीर मॉडल स्कूल, बादली, दिल्ली के बच्चों ने संगीत कार्यकम प्रस्तुत किया। चित्र में श्रीमती उर्मिला–महेन्द्र मनचन्दा के साथ स्वामी आर्यवेश जी, डा. अनिल आर्य, प्रवीन आर्या, चन्द्रशेखर शास्त्री, यशपाल यश। द्वितीय चित्र–शिक्षाविद डा.सुन्दरलाल कथूरिया का अभिनन्दन करते श्री आनन्द चौहान व स्वामी आर्यवेश जी ।






समाजसेवी श्री सुरेन्द्र कोहली का अमिनन्दन करते श्री खन्ना,डा.अनिल आर्य,आचार्य अखिलेश्वर जी। द्वितीय चित्र–श्रीमती राधा भारद्वाज को "आर्य महिला रत्न" से सम्मानित करते उर्मिला आर्या, आदर्श सहगल,डा.अनिल आर्य व दशरथ भारद्वाज।





श्री सत्यपाल गांधी(90 वर्षीय) को सम्मानित करते केन्द्रीय मंत्री डा.हर्षवर्धन,आचार्य प्रेमपाल शास्त्री,डा.अनिल आर्य,प्रेमकुमार सचदेवा व संजीव शर्मा। द्वितीय चित्र–श्री प्रेमकुमार सचदेवा का अभिनन्दन करते श्री आनन्द चौहान व स्वामी आर्यवेश जी व तृतीय चित्र–अभिषेक–देवेन्द्र गुप्ता सपरिवार।






श्रीमती अर्चना–सुरेन्द्र मानकटाला,डा.पवित्रा विद्यालंकार का स्वागत करते स्वामी आर्यवेश जी,डा.अनिल आर्य। तृतीय चित्र–आचार्या मन्जु(कोलकोता) का सम्मान करते स्वामी आर्यवेश जी व श्री राजेश्वर मुनि(कैथल)।




युवा संन्यासी स्वामी श्रद्धानन्द जी का स्वागत करते आचार्य प्रेमपाल शास्त्री,सन्तोष शास्त्री,सुरेश आर्य। द्वितीय चित्र–शिमला से आयी पुष्पा व सुनीता का अभिनन्दन करते श्री आनन्द चौहान व स्वामी आर्यवेश जी।






स्मृतियां–केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के समारोह में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित शाह,केन्द्रीय मंत्री श्री थावरचंद गहलोत व महर्षि दयानन्द जी का चित्र भेंट करते डा.अनिल आर्य।

# मिशन–25ःध्वजारोहण में 80 प्रतिशत भागीदारी 25 वर्ष तक के आर्य युवाओं की रही




ध्वजारोहण के समय सम्बोधित करते ठाकुर विक्रम सिंह जी, उन्होंने आर्यो को सक्रिय राजनीति में आने का आह्वान किया। साथ में स्वामी आर्यवेश जी, आचार्य प्रेमपाल शास्त्री, डा. अनिल आर्य, प्रवीन आर्या, प्रवीन आर्य (गाजियाबाद), स्वामी चन्द्रवेश जी, स्वामी धर्ममुनि जी (बहादुरगढ़), स्वामी श्रद्धानन्द जी, सुरेश आर्य (गाजियाबाद)

# आर्य नेता, ऐमिटी के निदेशक श्री आनन्द चौहान का भव्य अभिनन्दन





राष्ट्रीय आर्य महासम्मेलन के अध्यक्ष श्री आनन्द चौहान का अभिनन्दन करते डा. अनिल आर्य, स्वामी आर्यवेश जी, ओम सपरा, स्वतन्त्र कुकरेजा (प्रान्तीय अध्यक्ष, हरियाणा), आनन्दसिंह आर्य (प्रधान, आर्य केन्द्रीय सभा करनाल), आचार्य चन्द्रशेखर शास्त्री, शिक्षाविद् डा. सुन्दरलाल कथूरिया, के. के. सेठी, राजेश्वर मुनि (कैथल), यशपाल यश (जयपुर) व ब्र. विश्वपाल जयन्त (गुरूकुल कण्वाश्रम, कोटद्वार, पौड़ी गढ़वाल)





राष्ट्रीय आर्य महासम्मेलन में दीप प्रज्जवलित करते डा.अनिल आर्य,साथ में केन्द्रीय मंत्री डा.हर्षवर्धन, स्वामी आर्यवेश जी,आचार्य अखिलेश्वर जी आदि। द्वितीय चित्र–राष्ट्रीय आर्य युवा सम्मेलन के अध्यक्ष श्री आनन्द कुमार(पूर्व पुलिस महानिदेशक) का अभिनन्दन करते डा.अनिल आर्य व ओम सपरा(प्रधान,उतरी दिल्ली वेद प्रचार मण्डल)







आर्य समाज, बंग्लादेश के प्रधान आचार्य सुभाष शास्त्री का स्वागत करते डा. अनिल आर्य, स्वामी आर्य वेश जी, स्वामी धर्ममुनि जी का स्वागत करते आचार्य अखिलेश्यर जी व प्रवीन आर्य। तृतीय चित्र–स्वामी चन्द्रवेश जी का स्वागत करते स्वामी आर्यवेश जी व डा.अनिल आर्य।






श्री आनन्द चौहान, स्वामी आर्यवेश, डॉ. अनिल आर्य के साथ परिषद् की कर्मठ शिक्षक टीम। द्वितीय चित्र–श्री आनन्द चौहान का स्वागत करते आस्था–निखिल थरेजा,स्वामी आर्यवेश जी,ओम सपरा,प्रवीन आर्या व अनिल आर्य।





शिक्षा संस्कृति रक्षा सम्मेलन में गवेन्द्र शास्त्री, भानु वेदालंकार,माधव सिंह,अनिल आर्य,चन्द्रशेखर शास्त्री, राजेश्वर मुनि, स्वामी आर्यवेश,डा. सुन्दरलाल कथुरिया, यशपालपाल यश,ब्र.विश्वपाल जयन्त,ओम सपरा, के. के. सेठी, मायाराम शास्त्री, आंनदसिंह आर्य।

# अखिल भारतीय आर्य महासम्मेलन की सचित्र झलकियां



श्री कमल आर्य (दिल्ली) को ''आर्य युवा रत्न'' से सम्मानित करते डा. अनिल आर्य, श्री आनन्द कुमार (पूर्व पुलिस महानिदेशक) व ओम सपरा। द्वितीय चित्र–कु. करुणा शर्मा को ''आर्य युवा रत्न'' से सम्मानित करते उर्मिला आर्या, डा.अनिल आर्य।



यज्ञप्रेमी श्रीमती करुणा–तिलक चांदना,श्रीमती रमा–यशपाल चावला,श्रीमती अनिता–भारतभूषण ग्रोवर का अभिनन्दन करते आचार्य महेन्द्र भाई।



युवा विद्वान डा.धर्मेन्द्र शास्त्री का अभिनन्दन करते आचार्य गवेन्द्र शास्त्री,आचार्य विकास तिवारी,आचार्य सन्तोष शास्त्री व आचार्य अभयदेव शास्त्री । द्वितीय चित्र–आर. डब्लयु.ए.वजीरपुर क्षेत्र के प्रधान श्री बृजमोहन गर्ग व महामंत्री श्री समीर सहगल को सम्मानित करते स्वामी आर्यवेश जी व डा.अनिल आर्य ।



श्रीमती पुष्पा–सुरेन्द्र शास्त्री व डा.मन्जु–रमाकांत गुप्ता का अभिनन्दन करते श्री आनन्द चौहान।



दिल्ली प्रदेश संचालक रामकुमारसिंह आर्य,राजस्थान के प्रान्तीय अध्यक्ष रामकृष्ण शास्त्री, महरौली के प्रधान–मंत्री–वेद खट्टर, अजय खट्टर के अभिनन्दन का सुन्दर द्रश्य।

# अखिल भारतीय आर्य महासम्मेलन की सचित्र झलकियां



श्री योगेश वर्मा(निगम पार्षद) व डा.महेन्द्र नागपाल(पूर्व विधायक) का अभिनन्दन करते डा.अनिल आर्य,प्रवीन आर्या व देवेन्द्र भगत। द्वितीय चित्र–श्रीमती नीतू व अभिषेक आजाद(निगम पार्षद) का अभिनन्दन करते डा.अनिल आर्य,प्रतिभा सपरा।



पूर्व विधायक श्री हरिशंकर गुप्ता का अभिनन्दन करते डा.अनिल आर्य, देवेन्द्र भगत, ओम सपरा व भुवनेश खोसला (अमेरिका)। द्वितीय चित्र–श्रीमती वीना–गुलशन विरमानी (निगम पार्षद) का अभिनन्दन करते प्रवीन आर्या,समीर सहगल व डा.अनिल आर्य।



श्री यशपाल यश (जयपुर) को सम्मानित करते श्री आनन्द चौहान व स्वामी आर्यवेश जी। द्वितीय चित्र–आचार्य वीरेन्द्र विक्रम को सम्मानित करते दक्षिण दिल्ली वेद प्रचार मण्डल के महामंत्री श्री चतरसिंह नागर, श्री केवल कृष्ण सेठी,श्री गोपाल आर्य (महामंत्री,उतरी दिल्ली वेद प्रचार मण्डल) व डा.अनिल आर्य।



श्री वीरेन्द्र योगाचार्य(प्रान्तीय महामंत्री,हरियाणा),आचार्य भानुप्रताप वेदालंकार(प्रान्तीय अध्यक्ष,मध्य प्रदेश), श्री मित्रमहेश आर्य (प्रान्तीय अध्यक्ष,गुजरात) को सम्मानित करते श्री आनन्द चौहान व स्वामी आर्यवेश जी।



श्री विजय आर्य (चण्डीगढ़), श्री वरूण आर्य (दिल्ली), आचार्य कृष्णप्रसाद कोटिल्य (प्रान्तीय अध्यक्ष, झारखण्ड) को सम्मानित करते श्री आनन्द चौहान व स्वामी आर्यवेश जी।

# केन्द्रीय मंत्री डा.हर्षवर्धन ने किया यज्ञ परम्परा की विरासत को बढ़ाने का आह्वान




रविवार, 28 जनवरी 2018, राष्ट्रीय आर्य महासम्मेलन को सम्बोधित करते केन्द्रीय मंत्री डा.हर्षवर्धन व मंच पर वैदिक विद्वान डा. महेश विद्यालंकार, स्वामी आर्यवेश जी, आचार्य प्रेमपाल शास्त्री, आचार्य चन्द्रशेखर शास्त्री, आचार्य गवेन्द्र शास्त्री व कुशल मंच संचालन कर रहे डा.अनिल आर्य।

# राष्ट्रीय आर्य महिला सम्मेलन भव्यता के साथ सम्पन्न




शुक्रवार, 26 जनवरी 2018, राष्ट्रीय आर्य महिला सम्मेलन श्रीमती इन्द्रा वत्स (संरक्षक, स्त्री आर्य समाज, प्रशान्त विहार) की अध्यक्षता में सोल्लास सम्पन्न हुआ व आर्य युवती परिषद् की अध्यक्ष श्रीमती उर्मिला आर्या ने कुशल संचालन किया। विदुषी आयुषी राणा, कल्पना आर्या, रचना आहुजा, रचना चावला, सुषमा आर्या, कविता आर्या, चन्द्रप्रभा अरोड़ा, आदर्श सहगल, स्वर्णा आर्या के उद्बोधन हुए। श्रीमती राधा भारद्वाज को सम्मानित किया गया।






राष्ट्रीय आर्य महासम्मेलन में परिषद् के प्रेस सचिव श्री देवेन्द्र भगत को सम्मानित करते शिक्षाविद् श्री आनन्द चौहान व स्वामी आर्यवेश जी। द्वितीय चित्र–परिषद् के जम्मू कश्मीर के प्रान्तीय अध्यक्ष श्री सुभाष बब्बर,महामंत्री श्री रमेश खजुरिया व बलरामपुर (लखनऊ) के अध्यक्ष श्री अशोक तिवारी को सम्मानित करते डा.अनिल आर्य व स्वामी आर्यवेश जी।







परिषद् के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री यशोवीर आर्य,श्री वीरेश आर्य,श्री वेदप्रकाश आर्य को सम्मानित करते श्री आनन्द चौहान व स्वामी आर्यवेश जी।




राष्ट्रीय युवा सम्मेलन में परिषद् की कर्मठ टीम मंच पर सुशोभित।

सम्पादक: अनिल कुमार आर्य द्वारा केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के लिए मंयक प्रिंटर्स,2199/63, नाईवाला, करोलबाग, दिल्ली–5 दूरभाष : 41548503 मो. : 9810580474 से मुद्रित व परिषद् कार्यालय आर्य समाज टी–176–177, कबीर बस्ती, दिल्ली–7 से प्रकाशित, प्रबन्धक : दिनेश आर्य, मोबाइल : 9911587765, देवेन्द्र भगत, मोबाइल : 09958889970